लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोकसभा अध्यक्ष ने मानसून सत्र से संबंधित तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए लगातार दूसरे दिन संबंधित एजेंसीज के अधिकारियों के साथ बैठक की।

“संक्रमण न फैले तथा संसद चले ": लोक सभा अध्यक्ष

……

सभी सांसदों से कोविड-19 टेस्ट करवाने का आग्रह किया जायेगा।

कोविड-19 के मद्देनजर कई अन्य व्यवस्थाओं में बदलाव

नई दिल्ली 28 अगस्त 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मॉनसून सत्र से संबंधित तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज स्वास्थ्य मंत्रालय, AIIMS, ICMR, DRDO एवं दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान श्री बिरला ने निर्देश दिया कि संसद के मानसून सत्र के मद्देनजर स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए और संसद परिसर में भी स्वास्थ्य जांच के लिए व्यापक इंतजाम किए जाएं।

श्री बिरला ने कहा की संक्रमण न फैले तथा संसद चले, इसके लिए विशेषज्ञों के सुझाव अनुसार सारी तैयारी की जाएंगी तथा संसद परिसर के भीतर व्यापक सुरक्षा प्रबंधों के साथ सत्र चलेगा।

सभी सांसदों से आग्रह किया जायेगा कि वे अपना कोविड-19 टेस्ट कराएं।

श्री बिरला के निर्देशानुसार कोरोना संक्रमण से बचाव के हर संभव उपाय किये जा रहे हैं। इसके लिए संसद परिसर तथा संसद भवन में प्रवेश के समय थर्मल गन और थर्मल स्कैनर से तापमान की जांच की जाएगी। इसके अतिरिक्त संसद परिसर में सैनिटाइज़ेशन की व्यवस्था की जाएगी। 40 स्थानों पर टचलैस सैनेटाइजर लगाए जाएंगे तथा इमरजेंसी मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी। पूरे परिसर में COVID-19 से बचाव के दिशानिर्देशों को सख्ती से पालन किया जाएगा ।

लोक सभा चैम्बर में सामाजिक दूरी और अन्य दिशानिर्देशों का पालन किया जायेगा । सांसदों को अपनी बात बैठकर रखने की अनुमति भी दी जा रही है ताकि खड़े होकर बोलने पर संक्रमण के किसी खतरे की गुंजाइश नहीं रहे।

इस बार संसद सत्र के दौरान आम लोगों को संसद परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कोरोना के देखते हुए संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए यह निर्णय किया गया है। सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए दर्शक दीर्घाओं में सांसदों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

श्री बिरला ने यह भी निर्देश दिया कि मानसून सत्र के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था भी की जाए। इस सन्दर्भ में, कर्मचारियों के लिए विस्तृत गाइडलाइन बनाई जा रही हैं। आवश्यकता होने

पर कर्मचारियों की संख्या भी कम की जा सकती है। मंत्रालयों की अधिकारियों एवं सांसदों के स्टाफ की भी जांच की व्यवस्था की जाएगी।

इसके साथ, लोक सभा व राज्य सभा के मीडियाकर्मियों की अधिकतम संख्या 100 तक रखने का प्रस्ताव है। मीडियाकर्मियों का भी कोविड टेस्ट अनिवार्य होगा।

LOK SABHA SPEAKER CHAIRS MEETING ON WITH SENIOR OFFICERS OF RELATED AGENCIES TO GIVE FINAL SHAPE TO PREPARATIONS RELATED TO THE MONSOON SESSION OF PARLIAMENT

"PARLIAMENT MUST FUNCTION AND INFECTION MUST NOT SPREAD": LOK SABHA SPEAKER

ALL MEMBERS WILL BE REQUESTED TO UNDERGO TESTING FOR COVID-19

MANY NEW ARRANGEMENTS ARE TO BE IN PLACE IN LIGHT OF COVID-19

New Delhi 28 August 2020: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla chaired a meeting with senior Officers and experts of Health Ministry, AIIMS, ICMR, DRDO, and the Health Department of Delhi Government today to give final shape to preparations related to the Monsoon session of Parliament.

In the meeting, Shri Birla gave directions to ensure that proper caution is exercised with regard to health safety. For this, comprehensive arrangements related to health checkups are being put in place within Parliament House Complex during the Monsoon Session.

Shri Birla said that all preparations based on expert advice will be undertaken to ensure smooth conduct of the Session and prevent spread of infection. The Session will be conducted with all necessary health safety arrangements in Parliament House Complex.

All Members shall be requested to undergo COVID-19 test.

As per Shri Birla's directions, all possible steps are being taken to prevent the spread of Corona infection. For this, thermal guns and thermal scanner cameras will be used for measurement of temperature at entry points in Parliament House. In addition, proper measures for sanitization of Parliament House premises will be undertaken. The facility of touchless sanitizers will be in place at 40 different places within the Parliament House Complex, and emergency medical teams and ambulances will also be stationed. All guidelines related to COVID-19 prevention will be strictly followed.

The social distancing and other guidelines will be followed within Lok Sabha Chamber. Members will be allowed to address the Chair while seated, so that the risk of infection might be minimized.

During the Session, visitors will not be allowed entry into Parliament House Complex. This decision has been taken to minimize the risk of infection in light of the pandemic. Necessary arrangements will be made in Galleries for Members to ensure social distancing.

Shri Birla further said that testing facility for officers and staff of Parliament will also be in place. For this purpose, the detailed guidelines are being prepared. The staff may be reduced, if required. The facilities for testing of officials of Ministries and personal staff of Members will also be in place.

Along with this, there is a proposal to restrict the number of media persons, both from Lok Sabha and Rajya Sabha. COVID (RT-PCR) test will be mandatory for all media persons.